परिषद
3.9.2021

संख्या– 286/सोलह–3–2021

प्रेषक,

आलोक कुमार,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन,

Imp.

सेवा में,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,
उ0प्र0 कानपुर।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 03 सितम्बर, 2021

विषयः–शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रत्येक जनपद में शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत है कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डा0 राधाकृष्णन न केवल उत्कृष्ट शिक्षक थे बल्कि शिक्षा और दर्शन के क्षेत्र में उनका अप्रतिम योगदान रहा है। आगामी 5 सितम्बर 2021 को उनके उत्कृष्ट योगदान के स्मरण के रूप में शिक्षक दिवस मनाया जायेगा।

Urgent

2– इस संबंध मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 05 सितम्बर 2021 को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में स्थित पालीटेक्निक संस्थानों के वरिष्ठ शिक्षकों, जिनके द्वारा शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया गया हो, को सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः कृपया प्रत्येक जनपद की नोडल राजकीय पालीटेक्निक में उस जनपद के वरिष्ठ शिक्षकों को आमंत्रित कर छात्रों के समक्ष उनका उद्बोधन कराते हुये उनको सम्मानित करने के लिये कार्यक्रम आयोजित कराया जाय। उक्त कार्यक्रम जनपद के मा0 सांसद/विधायक अथवा अन्य क्षेत्रीय चुने हुये जनप्रतिनिधि की अध्यक्षता में कराया जाय। जनप्रतिनिधियों की अन्यत्र व्यस्तता/अनुपलब्धता की स्थिति में उक्त कार्यक्रम जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कराया जा सकता है।

03/09/21
03/09/21

3– सम्मान समारोह हेतु शिक्षकों का चयन, तकनीकी शिक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान, वरिष्ठता तथा संस्थान में उनकी उत्कृष्ट सेवा आदि को ध्यान में रखते हुये किया जाय। ऐसे शिक्षकों का चयन न किया जाय, जिनके संबंध में कोई अनुशासनिक कार्यवाही अथवा प्रतिकूल तथ्य विद्यमान हों। विगत दो शैक्षणिक

सत्रों के दौरान उत्कृष्ट सेवा देने के उपरान्त, सेवानिवृत्त हुये शिक्षकों का भी चयन किया जा सकता है।

4. सम्मान समारोह का आयोजन जनपद के नोडल प्रधानाचार्य द्वारा किया जाय। समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक अपने क्षेत्राधिकार के जनपदों के उक्त समारोह के सुचारू रूप से आयोजित होने के संबंध में समन्वय करते हुये अपनी रिपोर्ट दिनांक 06.09.2021 को निदेशक, प्राविधिक शिक्षा के माध्यम से शासन को उपलब्ध करायेंगे।

5. यह प्रयास किया जाय कि समारोह का आयोजन सुरूचिपूर्ण हो तथा सम्मान समारोह के दौरान कोविड संबंधी समस्त प्रोटोकाल का अनुपालन अवश्य सुनिश्चित कराया जाय। यथा सम्भव समारोह का वेबकास्ट कराने की व्यवस्था भी कर ली जाय और समारोह के वीडियो/फोटोग्राफ्स संस्था/निदेशालय/प्राविधिक शिक्षा परिषद की वेब-साइट तथा यू-राइज पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाये।

कृपया तद्नुसार समस्त संबंधित को अपने स्तर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय।

भवदीय

(आलोक कुमार)
सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद उ०प्र० लखनऊ।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग उ०प्र०।
3. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उ०प्र० लखनऊ।
4. निजी सचिव, सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग उ०प्र० शासन।
5. प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-2
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(नितिन कुमार गुप्त)
अनु सचिव।

प्राविधिक शिक्षा निदेशालय
उत्तर प्रदेश
विकास नगर, कानपुर–208002
Websit : http://upted.gov.in/directorate

Phone No. : 2582084
Fax No. : 2580965
E-mail : directordteup@gmail.com

प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,
उत्तर प्रदेश।

पृ0सं0– 28698-705 /ई–109–छै:–13(BTE-III), कानपुरः दिनांक– 03 09.2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा विभाग, लोक भवन, लखनऊ को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
2. विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3, लखनऊ को शासन के पत्रादेश संख्या–286 / सोलह–3–2021, दिनांक–03.09.2021 के संदर्भ में।
3. निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0, कानपुर।
4. समस्त संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, वाराणसी / मध्य क्षेत्र, लखनऊ / बुन्देलखण्ड क्षेत्र, झांसी / पश्चिमी क्षेत्र, दौराला, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि शासन के उपरोक्त पत्रादेश दिनांक–03.09.2021 में दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन निर्धारित तिथि को करने हेतु क्षेत्रान्तर्गत संचालित पालीटेक्निक संस्थाओं के संबंधित प्रधानाचार्यों को निर्देशित करने तथा कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या / सूचना संकलित रूप में निदेशालय को दिनांक–06.09.2021 के प्रातः 11:00 बजे तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि वांछित सूचना शासन को समयान्तर्गत प्रेषित करायी जा सके।
5. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि निजी क्षेत्र पालीटेक्निक संस्थाओं में उपरोक्त कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने हेतु अपने स्तर से भी निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करें।
6. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
7. समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय / सहायता प्राप्त / निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थायें, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि शासन के उपरोक्त पत्रादेश दिनांक–03.09.2021 में दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन निर्धारित तिथि को कराया जाना सुनिश्चित करें तथा कृत कार्यवाही की सूचना अपने क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा को समयान्तर्गत उपलब्ध करायें।

( मनोज कुमार )
निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0।

कार्यालय,
सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

पृ0सं0–प्राशिप / परिषद / 2021 / 5318-21 लखनऊःदिनांक– 04-09-2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को विशेष सचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर को निदेशालय के पत्र पृष्ठांकन संख्या 28698–705 दिनांक 03–09–2021 के अनुक्रम में।
4. प्रधानाचार्य / निदेशक, परिषद से सम्बद्ध समस्त निजी क्षेत्र की संस्थाएं, को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि शासन के उपरांक्त पत्रादेश दिनांक 03–09–2021 में दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन निर्धारित तिथि को कराया जाना सुनिश्चित करें एवं कृत कार्यवाही की सूचना अपने क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक एवं परिषद की ई0मेल0 आई0डी0 anuparishadbte@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव
04/9/21